## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोजगार मेला 27 को

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में 27 मार्च को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में प्रात 11 बजे से 3 बजे तक रोजगार मेले युवा संगम का आयोजन किया गया है। जिले के बेरोजगार आवेदकों को रोजगार से जोड़ने एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप का जिला स्तरीय मेले का आयोजन किया गया है। यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। जिसमें जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा जिले में एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटसशिप में भी बेरोजगार आवेदकों को भेजा जावेगा।

### बरही मैहर मार्ग में बंद पड़े पुल का उठाया मुद्दा

**कटनी।** मप्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने राजमार्ग क्रमांक 6 बरही मैहर मार्ग में जलसंसाधन विभाग बाणसागर परियोजना के पिछले तीन साल से बंद पड़े कूटेश्वर पुल का मुद्दा शून्य काल के दौरान उठाया उन्होंने ध्यानाकर्षण के माध्यम से शासन से अनुरोध किया कि महानदी पर बने पुल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त है जिससे मैहर, बांधवगढ़, अमरकंटक मार्ग से प्रतिदिन निकलने वाले हजारों लोगों परेशानी उठाते हुए 60 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। जिससे क्षेत्र के छात्र छात्राओं, बीमारों, गर्भवती महिलाओं किसानों को परेशानी होती है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले वर्षों में इस पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से के सुधार लिए प्रयासों के बाद तीन बार टैंडर जारी हुए पर विभागीय अधिकारियों के द्वारा कार्य में रुचि न दिखाने से आगे कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है जबकि तकनीकी आधार पर टैंडर निरस्त होने का भ्रम अधिकारियों द्वारा फैलाया जा रहा है। पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से का निर्माण न होने से छात्र छात्राओं, आनेजाने वाले क्षेत्रीय लोगों, व्यापारियों, किसानों, पर्यटकों में भारी रोष है इस विषय को लेकर जन आंदोलन भी हो चुके हैं। जल्द से जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ कराने को निर्देशित करें।

### अवैध शराब की जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध विजयराघवगढ़ पुलिस ने कार्यवाही की है। जानकारी अनुसार ग्राम रमना में रमेश बर्मन के पास से 15 पाव देशी प्लेन शराब, रीठी पुलिस ने ग्राम बकलेहटा में आशीष पटेल के पास से 19 पाव प्लेन शराब, ग्राम उमरिया में रामलाल पटेल के पास से 17 पाव प्लेन शराब, ग्राम सुगमा में फूलचंद कुशवाहा के पास से 20 पाव देशी प्लेन शराब, ग्राम इमलिया में अशोक साहू के पास से 20 पाव प्लेन शराब जब्त की गई।

### मुड़वारा रेलवे स्टेशन में चलाया गया औचक अभियान, 100 व्यक्तियों पर कार्रवाई

# अवैध वेंडरों, बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई कर वसूले 2 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्टेशनों में खान पान सामग्री बेचने वाले अवैध वेंडर, बिना टिकट यात्रा करने एवं स्टेशन में गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध शुक्रवार को मुड़वारा स्टेशन में रेलवे अधिकारियों व रेलवे सुरक्षा बल के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कि गंदगी फैलाने वाले व अवैध दर्जनों वेंडरो पर कार्यवाही की गई। भारतीय रेलवे द्वारा अवैध वेंडरों और बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वालों पर जुर्माना लगाया जा रहा है और अवैध वेंडरों को पकड़ा जा रहा है।

### इस उद्देश्य से चलाया अभियान

रेलवे सूत्रों के अनुसार इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य बिना टिकट यात्रा को रोकना, अनियमित यात्रा, बिना बुक किए सामान, कूड़ा-कचरा, धूम्रपान और अनधिकृत विक्रेताओं को रोकना अभियान के तहत



कटनी मुड़वारा में वरिष्ठ उप मंडल व्यापार प्रबंधक शशांक गुप्ता के निर्देशन में संदीप श्रोती के नेतृत्व में कटनी मुड़वारा स्टेशन में आरपीएफ सौरभ महोरेजी की सहायता से विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया।

### इन पर लगाया जुर्माना

डीसीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य खान-पान निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल व चेकिंग स्टाफ के संयुक्त टीम बनाकर मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्मो पर गंदगी फैलाने वाले यात्रियों,अवैध वेंडिंग के रोकथाम के लिए औचक अभियान चलाया गया। जिसमें कि चैकिंग के दौरान 12 से अधिक अवैध वेंडर पकड़े गए। इनके पास रेल प्रशासन के द्वारा जारी कोई भी वैध प्रपत्र नही पाया गया। पाये गए अवैध वेंडरो के विरुद्ध रेलवे नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु आरपीएफ को सुपुर्द किया गया। इसके अतिरिक्त प्लेटफार्म व स्टेशन परिक्षेत्र में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों व स्टेशन पर अनियमित यात्रा करते हुए पाये गए 50 यात्रियों सहित कुल 100 व्यक्तियो के विरुद्ध रेलवे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 2 लाख रुपए का रेल राजस्व जुर्माने के रूप में वसूल किया गया।

### इन ट्रेनों में की गई जांच

उक्त कार्यवाही क्षिप्रा एक्सप्रे, सिंगरोली एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस, मदार एक्सप्रेस, बीना मेमू गोरखपुर एक्सप्रेस के साथ लगभग 10 गाड़ियों की गहन जांच की गईं। साथ आरपीएफ ओर जीआरपी मुड़वारा की मदद से कार्यवाही के दौरान 35 टिकट चेकिंग स्टाफ के साथ 5 आरपीएफ स्टाफ भी मौजूद रहा जिसमं स्टेशन सीटीआई देवेंद्र दुबे के साथ आर एस मीणा, सागर सीटीआई मनोज पांडे, दमोह सीटीआई कलासिया, के के शर्मा,राकेश शर्मा ,एम के पांडे, सतीश तिवारी, सुनीता चौधरी, गोविंद लोधी प्रीतम, सुबोध, राहुल,अतुल वंशकार, रोहित रैकवाल के साथ अन्य स्टाफ रहा।



## बैठक में मिल जुलकर कार्य करने पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष सुनीता मेहरा की अगुवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा सहित अन्य सभी सदस्यों की समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों ने लिखित पत्र पूर्व में की गई शिकायत को लेकर जारी करते हुए कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्य किया जा रहा है। श्री गेमावत कार्यालयीन कार्य के साथ-साथ विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी के संबंध में चर्चा हेतु स्वंय मेरे कक्ष में उपस्थित होते है। अनुसूचित जाति की महिला अध्यक्ष होने के बावजूद भी श्री गेमावत द्वारा अध्यक्ष के सम्मान के प्रति कभी कोई क्षति नही पहुंचायी गई। जिला पंचायत कटनी द्वारा बैठकों का एजेंडा समय पर जारी किया जाता है। प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण माह फरवरी 2025 की बैठक मेरी सहमति के आधार पर आहूत नही की जा सकी है। निज सहायक के रूप में मुझे नरेन्द्र रूपेरिया, पंचायत समन्वय अधिकारी को दिया गया है, जो मेरे कार्यालयीन कार्य के साथ-साथ सभी सदस्यों द्वारा सौपें गये कार्यों को समयावधि में संपादित कर रहे है।

जिला पंचायत में आयोजित समन्वय बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गामावत के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता बाई रमेश मेहरा, उपाध्यक्ष अशोको बिश्वकर्मा, जिला पंचायत के अन्य सदस्य मौजूद रहे। एक टेबल पर बैठकर सभी ने अपने गिले शिकवे दूर करते हुए मिलजुल कर विकास के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की।

*अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद द्वारा की गई कार्यवाही*

## दायित्वों में लापरवाही एवं घोर उदासीनता पड़ गई महंगी, धरवारा पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

न्यायालय नायब तहसीलदार स्लीमनाबाद के फौती नामांतरण प्रकरण में पारित आदेश के पालन में अभिलेख दुरूस्त किए जाने मे घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतनें तथा आदेश के वास्तविक तथ्यों से हटकर बिना आदेश अन्य व्यक्ति के नाम भूमिस्वामियों के साथ में दर्ज किए जाने के कृत्य को पदीय दायित्वों में लापरवाही एवं घोर उदासीनता बरतने पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का उल्लंघन एवं कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए महेन्द्र मिश्रा हल्का पटवारी नं 28 धरवारा तत्कालीन हल्का पटवारी नं 09 जुजावल तहसील स्लीमनाबाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद द्वारा जारी निलंबन आदेश में निलंबन अवधि में महेन्द्र मिश्रा का मुख्यालय तहसील कार्यालय स्लीमनाबाद नियत किया गया है। निलंबन काल में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

12 मार्च को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्राम जुजावल निवासी आवेदक श्री रिखीराम पिता कुंवरलाल काछी द्वारा ग्राम जुजावल स्थित भूमि प.ह.न. 09 में आवेदक के पिता कुंवरलाल काछी के फौत हो जाने से उनकी फौती नामांतरण उपरान्त वारसानों के नाम दर्ज किए जाने के दौरान अन्य व्यक्ति इमरत पिता सुखलाल के नाम दर्ज किए जाने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी ।

उक्त शिकायत के संबंध में संबंधित नायब तहसीलदार कौड़िया तहसील स्लीमनाबाद के द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया कि न्यायालयीन प्रकरण में पारित आदेश दिनांक 27 अगस्त 2024 में मृतक कुंवरलाल के वारसानों का नाम दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया था। उक्त आदेश का पालन करते हुए श्री महेन्द्र मिश्रा पटवारी हल्का नं0 28 ग्राम धरवारा राजस्व निरीक्षक मण्डल धरवारा तहसील स्लीमनाबाद के द्वारा तत्कालीन हल्का पटवारी नं0 09 ग्राम जुजावल रहने के दौरान अमल दरामद करते हुए फौत व्यक्ति के विधिक वारसानों के साथ अन्य व्यक्ति (इमरत लाल पिता सुखलाल) का नाम जोड़ दिया गया। इस संबंध में महेन्द्र मिश्रा तत्कालीन पटवारी प.ह.न. 09 जुजावल को प्रस्तुत शिकायत के संबंध में इस कार्यालय पत्र 13 मार्च 2025 के माध्यम से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया। श्री मिश्रा के द्वारा निर्धारित समयावधि उपरान्त अभी तक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया था।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 310 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन



जिला रोजगार कार्यालय में गुरूवार को आयोजित फ्रीडम एम्प्लायबिलिटी एकेडमी के द्वारा लिये गये साक्षात्कार के आधार पर 310 बेरोजगार युवाओं का रोजगार के लिए प्राथमिक चयन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में 571 बेरोजगार आवेदकों ने पंजीयन कराया था। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि फ्रीडम एम्प्लाई एकेडमी द्वारा चयनित युवाओं को प्रतिमाह 13 हजार रूपये का पारिश्रमिक दिया जायेगा।

## विजयराघवगढ़ में स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती महाराज का हुआ आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

रंग पंचमी पर हरिसरमठ सन्यास आश्रम रायपुर से आए स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती का आगमन विजयराघवगढ़ में हुआ। स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती विगत कई वर्षों से विंध्य क्षेत्र के विभिन्न आश्रमों में रहकर शिष्य मंडलों को त्याग समर्पण श्रद्धा एवं भक्ति का ज्ञान देते हुए वर्तमान समय में रायपुर मैं विशाल सिद्धाश्रममठ में अपनी वाणी से ज्ञानी ध्यानी सिद्ध पुरुषों को धार्मिकता और सद्गुणों की ओर पूर्ण मनोयोग से कृतकृत्य कर रहे हैं।

विगत 11 वर्षों उपरांत पुनः महाराज का आगमन विंध्य क्षेत्र में भ्रमण हेतु हुआ है जहां क्षेत्र के अनेक सिद्ध आश्रमौ से भ्रमण करते हुए विजयराघवगढ़ मे विराजमान मां शारदा सिद्ध पीठ के दर्शन कर संकट मोचन आश्रम जगन्नाथ धाम प्राचीन किले में स्थापित ब्रह्मदेव पचमठा धाम पहुंच स्नेही भाव से शिष्य मंडल के सदस्यों को अपना अखंड शुभ आशीर्वाद प्रदान किया।



पुनः विंध्य क्षेत्र मैहर मैं विशाल पर्वत पर विराजी मां शारदा के दर्शन हेतु प्रस्थान किए। उक्त अवसर पर देवदत्त चतुर्वेदी विमलेंदु प्यासी पं जागेश्वर प्रसाद मिश्रा वेदांश मिश्रा राजेश पांडे सुंदर शुक्ला पंकज गौतम बृजेश चतुर्वेदी बीडी मिश्रा विक्रम उरमालिया देवेंद्र मिश्रा अनन्या मिश्रा आदि मौजूद रहे।

*जिला पंचायत सीईओ ने की कार्रवाई, विस्तृत जांच के निर्देश*

## अनियमितता बरतने वाले जीआरएस को शासकीय सेवा से किया गया विरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने ग्राम पंचायत पड़वई के ग्राम रोजगार सहायक उमेश यादव द्वारा शासकीय तालाब को पट्टा पर के कार्य में अनियमितता बरतने पर शासकीय कार्यों से पृथक कर, उन्हें जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में संलग्न करते हुए उनके मासिक पारिश्रमिक में 50 फीसदी की कटौती कर दी गई है। मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय भोपाल एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ द्वारा ग्राम पंचायत पडवई के शासकीय तालाब को मछली पालन और सिंघाड़ा की खेती के लिए दस वर्षों के पट्टे पर दिए जाने की प्रक्रिया के विरुद्ध ग्राम के निवासी मुकुंदी लाल बर्मन द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस शिकायत की गहन जांच की गई, जिसमें ग्राम रोजगार सहायक उमेश यादव को दोषी पाया गया। उनके विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए गए, जिसमें उन्हें शासकीय कार्यों से पृथक करना और उनके मासिक पारिश्रमिक में कटौती करना शामिल है।

ग्राम पंचायत पडवई में स्थित शासकीय तालाब का उपयोग आम जनता के हित में होना चाहिए था, लेकिन इसे 10 वर्षों के लिए पट्टे पर देने के निर्णय में अनियमितताएं पाई गईं। ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव के आधार पर यह प्रक्रिया पूरी की गई, लेकिन जब मुकुंदी लाल बर्मन ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई, तो प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए। जांच के दौरान यह पाया गया कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं थी और ग्राम रोजगार सहायक उमेश यादव की भूमिका संदिग्ध थी। उन्होंने निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया, जिससे ग्राम पंचायत के हितों को नुकसान पहुंचा। इसी कारण उन्हें दोषी ठहराया गया और उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गठित जांच दल ने इस मामले की विस्तार से जांच की।

जांच रिपोर्ट के आधार पर, प्रशासन ने उमेश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उनके जवाब को समाधानकारक नहीं माना गया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने जानबूझकर नियमों का उल्लंघन किया। इस कारण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल के आदेशानुसार उमेश यादव को शासकीय कार्यों से पृथक कर दिया गया। उन्हें जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में संलग्न किया गया। उनके मासिक पारिश्रमिक में 50 फीसदी की कटौती की गई। उनके खिलाफ विस्तृत जांच करने के निर्देश जारी किए गए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया ताकि आगे की जांच निष्पक्ष रूप से पूरी की जा सके।

### सुरक्षा और अग्नि दुर्घटना पर रोक लगाने कलेक्टर ने जारी किया आदेश

# नरवाई जलाने पर प्रतिबंध, आग लगाने पर होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने कानून व्यवस्था तथा जन सुरक्षा की दृष्टि से कटनी जिले की राजस्व सीमा के भीतर फसल कटाई के उपरांत बचे फसल अवशेष नरवाई नहीं जलाने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश शुक्रवार को जारी कर दिया है।

जिला दण्डाधिकारी श्री यादव द्वारा यह प्रतिबंधात्मक आदेश उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जारी किया गया है। कलेक्टर श्री यादव ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 के तहत और आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत फसल कटाई उपरांत खेतों में नरवाई जलाने की प्रक्रिया को प्रतिबंधित किया है।



### नरवाई जलाने पर कार्यवाही

कलेक्टर श्री यादव द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने के बाद यदि कोई भी कृषक या व्यक्ति नरवाई में आग लगाता है, तो प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन मानते हुये संबंधित व्यक्ति एवं कृषक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता और आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 सहित वायु प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम के तहत दंडात्मक एवं जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।

यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा एकपक्षीय पारित किया गया है। यदि इस आदेश से व्यथित कोई भी व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत अपनी आपत्ति दर्ज कराना चाहता है तो, वह व्यक्ति अपना आवेदन कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है।

नरवाई जलाने से संबंधित प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से जिले में आगामी 2 माह के लिये प्रभावशील रहेगा।

### अग्नि दुर्घटना होने की रहती है संभावना

किसी व्यक्ति या किसान द्वारा फसल कटाई के द्वारा किसान उपायों को अपनाये बिना आग लगाकर खेतों की सफाई करने से उड़ने वाली आग की चिंगारी से आसपास के खेतों में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआं उत्पन्न होता है जिससे पर्यावरणीय प्रदूषण भी बढ़ता है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री यादव ने नरवाई जलाने पर अग्नि दुर्घटना, पब्लिक न्यूसेंस, जनहानि, धनहानि, पशु एवं पक्षियों की हानि, खेत खलिहानों में रखी फसल का नुकसान एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके मद्देनजर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। साथ ही नरवाई जलाने से लोक परिशांति भंग होने के साथ-साथ कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित होती है और लोक सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो जाता है। जिससे किसी आपदा की स्थिति की आशंका बनी रहती है। इसलिए फसल अवशेषों को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है।

## कृषि विज्ञान मेले 26 से, उत्पादों के प्रदर्शन स्टॉल लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में 26 मार्च एवं 27 मार्च को आयोजित किया जायेगा। यह निर्णय शुक्रवार को यहां कलेक्टर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित आत्मा योजना की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में लिया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा, मानवजीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, एलडीएम मेझरस किंडो, कार्यपालन यंत्री पीएचई केएस दामोर, परियोजना अधिकारी उद्यान एसके त्रिपाठी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आरपी बैन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



### जिला स्तरीय बैठक में चर्चा

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आत्मा योजनांतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं सर्वोत्तम कृषक समूह पुरस्कार के संबंध में भी जिला स्तरीय बैठक में चर्चा की गयी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला में प्रगतिशील किसानों और उनके उत्पादों का समुचित और व्यवस्थित प्रदर्शन किया जाए। उन्होंने मेले में जैविक कृषि उत्पादों के प्रदर्शन स्टॉल भी लगाने की हिदायत दी है।

## खबर संक्षेप



### 10 वाहन चालकों पर 5 हजार रूपए का जुर्माना

**कटनी।** यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की गई है। यातायात जुहला चौकी प्रभारी मोनिका खड़से ने बताया कि जो वाहन चालक यातायात के नियमों का उलंघन करते पाए गए उनके विरुद्ध सघन जांच कार्यवाही की गईं और जिन वाहन चालको के पास वाहन से सम्बंधित दस्तावेज पूर्ण ना मिलने पर व माल वाहकों पर ओवर लोड कर चल रहे उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गईं। इस कार्यवाही में 10 वाहनों के चालन काटे गए और 5 हजार रूपये का जुर्माना शुल्क वसूल किया गया।

### 12वी में टॉप करने छात्र छात्रा को मिली स्कूटी



**सिलौंडी।** बड़वारा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कटारिया में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी के मुख्य आतिथ्य में कटरिया शासकीय स्कूल में टॉप करने वाले प्रथम छात्र ,छात्रा को स्कूटी प्रदान की गई । विधायक ने स्कूल के भवन का भी निरीक्षण किया । शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर भवन की मरम्मत बारिश से पहले कराने का निर्देश दिया है । इस दौरान सरपंच तारा बाई हीरा, देवी सिंह साहू ,आशीष राय ,संतोष साहू,नारायण ,राकेश ,राजेश , सहित स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही है ।

### अग्निवीर थल-सेना भर्ती रैली की बैठक 24 को

**कटनी।** अग्निवीर थल-सेना भर्ती रैली आयोजन से संबंधित बैठक सोमवार 24 मार्च को समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गयी है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को बैठक मे मौजूद रहने का आग्रह किया गया है।

### स्टॉप डैम कम रपटा काजवे निर्माण की मांग

**कटनी।** विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जगुआ के नैगवा हार के जल्दा नाले एवं ग्राम गोईंद्रा में कटनी नदी के मराघाट पर ,ग्राम बरनमहगवां के अमरावता नाला में तथा ग्राम हथेड़ा से रजरवारा महानदी पर ,ग्राम बरमानी के मुसरा नाला पर स्टाप डैम कम रपटा काज्वे निर्माण कराए जाने की क्षेत्रवासियों की ओर से शासन से मांग की है । याचिका के माध्यम से श्री पाठक ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में पानी को न रोके जाने से बरसात के दिनों में पानी से भरे रहने वाले स्थानीय नालों के साथ नदिया गर्मियों आते आते सूख जाती है। क्षेत्र के उपरोक्त ग्रामों की नदियो एवं नालों में स्टॉप डैम कम रपटा काज्वे का निर्माण कराये जाने का अनुराध किया है। विजयराघगढ़ क्षेत्र में बहुत से स्थानीय नदी नाले निकलते है जिनमें साल के अधिकतर समय पानी की धार बनी रहती हैं पर इनमें कोई भी स्टॉप डैम नहीं बना है। ऐसे में बारिश में एकत्रित हुआ पानी बहाव के साथ बह जाता है। जिसके कारण ज्यादातर इलाकों में गर्मियों के मौसम में जलसंकट दस्तक देता है। जिससे कृषि भूमि सिंचित नहीं होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। इन सभी जगहों पर स्टॉप डैम कम रपटा काज्वे निर्माण होता है तो भूमि का वाटर लेबल ऊपर आने के साथ ही रोक गए पानी से रबी और खरीफ दोनों ही सीजन में हजारों हेक्टेयर जमीन सिंचित होने के साथ क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा मुहैया हो सकेगी। रपटा काज्वे निर्माण से अनेक ग्रामों से सीधा सम्पर्क जुड़ जायेगा और स्कुली बच्चों, एम्बूलंस, तथा आम जनमानस को आवागमन में आसानी रहेंगी।

## उमरियापान से सिहोरा मार्ग का मामला, शिकायत के बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह

# सड़क में छोटे बड़े गड्ढों से अनियंत्रित हो रहे वाहन, आवागमन में फजीहत

सड़कों की मरम्मत कार्य में बेपरवाही अक्सर बड़े हादसों का सबब बनती है। छोटे गड्ढों भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से खाईनुमा बन जाते हैं जिससे अक्सर छोटे वाहन हादसे का शिकार हो जाते हैं। रात्रि में गड्ढों की समस्या अधिक खतरनाक साबित होती है क्योंकि रात्रि में गड्ढे दूर से दिखाई नहीं पड़ते और हादसे हो जाते हैं।



हरिभूमि न्यूज ▸▸ उमरियापान

उमरियापान- सिहोरा मार्ग में छोटे गड्ढे बढ़ गए हैं जिससे वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि यहां हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। यह स्थिति है उमरियापान से सिहोरा मार्ग की। जगह जगह सड़क पर गिट्टियां निकल आई हैं। इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यह मार्ग 24 घन्टे व्यस्त रहता है छोटे और बड़े वाहनों की लगातार आवाजाही होती हैं। बसों में यात्री भी अपना सफर तय करते हैं। ट्रक- हाइवा सहित अन्य बड़े वाहन जबलपुर से होकर सीधे शहडोल और छत्तीसगढ़ तक जाते है। पैदल चलने और दो पहिया वाहन में आवागमन करने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी होती है। सड़कों पर गढ्ढे तो हैं ही, मरम्मत कार्य नहीं होने से अब गढ्ढों का आकार बढ़ता जा रहा है। जिससे कि इस मार्ग पर चलने वाले लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है।वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। पकरिया गांव से घुघरा तक सड़क ज्यादा खराब हो गई है। सड़क पर गड्ढे इतने है कि बाइक चालकों की परेशानी अधिक होती है। इस रोड पर गड्ढों के कारण कई बार एक्सीडेंट भी हो चुके हैं। मरम्मत के नाम पर मिट्टी या लाल पत्थर की गिट्टी डाल दी जाती है, जिससे कुछ दिनों बाद फिर से गड्ढे बन जाते है।

मरम्मत की बात करें तो बीते एक साल से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। सड़क पर गढ्ढों के मोड़ होने पर दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। सड़क पर निकली पड़ी गिट्टियां उचटकर ग्रामीणों को चोटिल करती हैं। तेज रफ्तार में चल रहे वाहन चालक तो गढ्ढों पर वाहनों को कंट्रोल करने के चक्कर में गिर तक जाते है। गढ्ढे होने के कारण धूल भी उड़ती हैं। जिससे ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों ने अनेकों बार अधिकारियों से शिकायत कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग किया, लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सुध नहीं ले रहे है। सड़क पर मरम्मत कार्य के लिए बीते वर्ष टेंडर भी हुआ, लेकिन ठेकेदार ने कार्य को अधूरा छोड़ दिया। जिससे कि सड़क के आधे हिस्से में आवागमन में ज्यादा दिक्कत होती है।

इस संबंध में बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर सड़क पर मरम्मत कार्य कराया जाएगा।



# मिलीभगत कर लाखों का भ्रष्टाचार, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

**ग्रामीणों ने विधायक से कहा कई बार शिकायत की लेकिन जांच नहीं**

बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के ग्राम कटारिया प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत महागवां देगावा के मनरेगा कार्यों की अनियमितताएं होने के मामले की जांच करने मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मिलीभगत से ग्राम पंचायत महगवां देगवा मे मनरेगा के तहत बॉउंड्री बॉल निर्माण , तालाब जोड़ीद्वार एवं नाला तट सुंदरीकरण निर्माण कार्य में व्यापक अनियमितता वा भ्रष्टाचार किया गया है । बाउंड्री बॉल निर्माण कार्य केवल 80 mm में कराकर 110mm की राशि आहरित कर लिया गया। तालाब जोड़ीद्वार निर्माण कार्यों में लाखों रुपए का फर्जी बिलों के माध्यम से व्यापक गबन कर लिया गया । नाला तट सुंदरीकरण निर्माण कार्यों में बिना कार्य कराए फर्जी बिल लगाकर कई लाखों रुपए का गबन अपने निजी स्वार्थ हेतु किया गया जिसकी शिकायत ग्रामवासियों ने जिला के उच्च अधिकारियों से किया लेकिन कोई जांच ना कोई कार्रवाई नही हुई। ग्रामवासियों ने विधायक से सभी मामलों की जांच कराने एवं दोषी पाये जाने पर कार्यवाही करने की मांग की है। विधायक धीरेंद्र सिंह ने जिला सीईओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

**हासे की 21 एवं कक्षा दसवी की 97 केन्द्रों में हुई परीक्षा**

# कक्षा 12वीं की परीक्षा में 10 तो दसवीं में 333 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



हायर सेकेण्डरी की कक्षा 12वीं की एनएसक्यूएफ ऑल एवं हाई स्कूल परीक्षा 10वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 97 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। शुक्रवार 21 मार्च को जिले के 23 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित हायर सेकेण्डरी एनएसक्यूएफ ऑल विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 1152 परीक्षार्थियों में से 1142 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं जिले के 97 परीक्षा केन्द्रों में हाईस्कूल की विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 15204 परीक्षार्थियों में से 15204 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 333 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव व्दारा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए गठित निरीक्षण दलों का परीक्षा केन्द्रों के लिए गठन किया गया। वहीं परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों व्दारा प्रश्न पत्र थानें से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मानीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने के निर्देश दिए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा आयोजित परीक्षा के दौरान कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल भदौरा, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल बसाडी, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल गणेशपुर, एवं विलायतकला का निरीक्षण किया गया। वहीं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन एवं प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा परीक्षा केन्द्र बरही, कन्या शाला बरही, पिपरिया कला, कुठिया महंगवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कुठिया महंगवा के निरीक्षण के दौरान एक पर्यवेक्षक द्वारा लापरवाही बरतने पर परीक्षा कार्य से पृथक किये जाने एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करनें के निर्देश दिए गए।

परीक्षा में नकल का प्रकरण दर्ज नही हुआ। सभी परीक्षा केन्द्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केन्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों में प्रतिबंधात्मक आदेश लागू होन के फल स्वरूप बाह्य भीड एवं आसामजिक तत्वों की भीड नही दिखाई दी।

## भेदभाव उन्मूलन दिवस पर कर्मचारियों के साथ होली मिलन




अंतरराष्ट्रीय भेदभाव उन्मूलन दिवस पर के अवसर पर बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा संस्था के कार्यालय में सीवरेज कर्मचारी सफाई, कर्मचारी, कूड़ा बिनने वाले एवं कचरा संग्रह कर्ताओं द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ इस समारोह सफल बनाने में मुख्य रूप से रविकांत राय, रूपा बर्मन, राजेश कुमार चौधरी, माया गुप्ता, काशी विश्वकर्मा,शिवकुमार चौधरी सहित संस्था के समस्त सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# बरही व विजयराघवगढ़ क्षेत्र में बारिश व ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के कई क्षेत्रों में बारिश होने से किसानों में चिंता व्याप्त हो गई है। बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली वहीं किसानों के माथे में चिंता की लकीर देखी जा रही है। नगर सहित बंजारी, बरहटा, घुनौर, रजरवारा, धनेडी, परसवारा, कारीतलाई, खलवारा, कलहरा, देवरी .मझगवा, देवरा कला आदि ग्रामों के कृषकों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि खेत में गेहूं और चने की फसल पककर तैयार है ऐसे में यदि बारिश होती है तो अधिक नुकसान उठाना पड़ेगा। दलहन फसल में अधिक नुकसान होने की संभावना है। किसान पककर तैयार फसल की कटाई करना चाहते हैं लेकिन नमी के कारण कार्य नहीं हो रहा है।

कारीतलाई से कुसमा बमहौरी तक छोटे व बड़े आकार के ओल करीब 30 मिनट गिरते रहे। ओलावृष्टि से गेहूं और चने की फसल में नुकसान का अनुमान है जिसके कारण किसानों में निराशा छा गई।

बरही तहसील के दर्जनों ग्रामों में ओले का कहर पिपरिया कला, खिरहनी, नदावन, बगैहा, छिंदहाई, बुजबुजा, गढ़ौहा, हदरहटा, करेला, सुतरी, सलैया सिहोरा, कुंआ, बंजर बरेला, खितौली, बम्हौरी, जगुवा, सेमरा टोला, बरनमोहगवां में गुरुवार शाम तेज हवा पानी के साथ ओले गिरने से फसलों में नुकसान पहुंचा है। कुछ किसानों की गेहूं के साथ दलहन, तिलहन की कटाई गहाई का कार्य चल रहा था। किसान सुदर्शन कुशवाहा, योगेन्द्र गिरि गोस्वामी, केशव गिरि गोस्वामी, भैया गोस्वामी और अन्य किसानों ने नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलवाने की शासन प्रशासन से मांग की हैं। अभी भी मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ। नायाब तहसीलदार मनोज नामदेव ने बताया किसानों की फसल ओले व बारिश से खराब हुई है राजस्व टीम फसल के आंकलन करने में जुट चुकी है जहां की फसल ज्यादा तबाह हुई है।

**शासकीय कन्या महाविद्यालय में पुस्तक मेले का हुआ आयोजन**

# पुस्तकें सबसे अच्छी मित्र, जिज्ञासाओं के समाधान के प्रदान करती हैं अवसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात एवं वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. रश्मि चतुर्वेदी और डॉ. विमला मिंज ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। अपने उदबोधन में डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा यह आयोजन न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों के लिए आध्यात्मिक और बौद्धिक विकास का भी एक अवसर प्रदान करता है। डॉ. विमला मिंज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पुस्तकें सबसे अच्छी मित्र होती हैं। इनके द्वारा हमें अपनी जिज्ञासाओं का समाधान करने का अवसर प्राप्त होता है।

पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों पर आधारित पुस्तकों का व्यापक संग्रह प्रदर्शित किया गया। इनमें रामकृष्ण परमहंस, उनकी धर्मपत्नी सारदा देवी और स्वामी विवेकानंद के जीवनवृत्त पर आधारित पुस्तकें शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, मन, ध्यान, आत्मविश्वास, युवा, विद्यार्थी जीवन, वेदांत और आध्यात्मिक दर्शन जैसे गहन और प्रेरणादायक विषयों पर लिखित साहित्य भी उपलब्ध था। इन पुस्तकों का चयन इस तरह किया गया था कि वे सभी आयु वर्ग के पाठकों, विशेष रूप से युवाओं और छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। मेले में उपस्थित सभी लोगों ने इन पुस्तकों को देखा, परखा और अपनी आवश्यकता के अनुसार खरीदा।

इस आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के नेतृत्व में डॉ. अमिताभ पाण्डेय, के.जे. सिंहा, डॉ. किरण खरादी, श्रीमती बंदना मिश्रा, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, विनेश यादव, नागेंद्र यादव, के.जी. सिंह, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. अशोक शर्मा, भीम बर्मन, श्री प्रेमलाल कांवरे, आंजनेय तिवारी, श्रीमती नम्रता निगम, श्रीमती आरती वर्मा, श्रीमती प्रियंका सोनी, श्रीमती सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. मैत्रयी शुक्ला, श्रीमती श्वेता कोरी, श्रीमती रिचा दुबे, श्रीमती श्रद्धा वर्मा और श्रीमती देववती जैसे सम्मानित शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित रहे। इनके साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्राओं ने भी इस मेले में भाग लिया।

## पांच गोदाम स्तरीय उपार्जन संस्था व उपार्जन स्थल निर्धारित

# सप्ताह में पांच दिन होगा उपार्जन कार्य, शाम को जारी होगी तौल पर्ची

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जन नीति के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन हेतु पांच गोदाम स्तरीय उपार्जन संस्था एवं उपार्जन स्थल निर्धारित किये गए है। उपार्जन नीति के अनुसार रबी विपणन वर्ष के लिए अच्छी गुणवत्ता के लिए चना का समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल तथा मसूर का मूल्य 6700 रूपये प्रति क्विंटल एवं राई-सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।

सचिव सह उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील कटनी हेतु प्राथमिक कृषि साख समिति चाका के लिए उपार्जन स्थल रूचि वेयर हाउस सीडव्ल्यूसी, तहसील कटनी हेतु विपणन सहकारी संस्था कटनी के लिए सीडव्ल्यूसी वेयर हाउस इन्द्रा नगर कटनी, तहसील रीठी हेतु कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी के लिए साई राम वेयर हॉउस 140 देवगांव , तहसील बहोरीबंद हेतु उपार्जन संस्था महाकाल विपणन सहकारी समिति मर्यादित बहोरीबंद के लिए एसडव्लयूसी बहोरीबंद तथा विजयराघवगढ़ की उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति सिंगौडी के लिए मॉ शारदा वेयर हाउस अमुवारी निर्धारित किया है।

कृषकों से उपार्जन कार्य सप्ताह में 05 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) प्रातः 08 बजे से सांय 08 बजे तक किया जायेगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 06 बजे तक जारी की जायेगी। गोदाम स्तरीय भंडारण स्थल में उपार्जित स्कंध का गुणवत्ता परीक्षण राष्ट्रीय उपार्जन एजेन्सी के सर्वेयर द्वारा किया जायेगा। इसके साथ ही उपार्जन के समय गोदाम संचालक एवं भंडारण एजेंसी का यह दायित्व होगा कि यह सुनिश्चित करे कि उपार्जित स्कंध एफएक्यू मानक का हो। उपार्जन केन्द्र संचालन हेतु आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधन की व्यवस्था केन्द्र संचालन संस्था के द्वारा की जायेगी। सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक भौतिक एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी होंगे।

केन्द्रों पर उपलब्ध भौतिक एवं अन्य सुविधाओं की प्रविष्टि एवं फोटोग्राफ्स भारत सरकार के पोर्टल www.pcsap.in पर उपार्जन केन्द्र प्रभारी अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तथा इसका सत्यापन उपार्जन केन्द्र के नोडल अधिकारी द्वारा किया जायेगा। उपार्जन केन्द्र पर एफएक्यू गुणवत्ता संबंधी बैनर का प्रदर्शन अनिवार्यतः किया जायेगा। उपार्जन केन्द्र पर संबंधित केन्द्र प्रभारी उपज की साफ-सफाई ग्रेडिंग (छन्ना, पंखा आदि) में होने वाले मजदूरी व्यय का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित होगा। उपार्जन केन्द्र के कम्प्यूटर ऑपरेटर ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रथमतः लॉगिन कर गुणवत्ता सर्वेयर को पंजीकृत करना, केन्द्र पर उपलब्ध तौल कांटों की प्रविष्टि, अपने समीपस्थ धर्मकांटे की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करना होगा। पूर्व के वर्षों की किसी अपात्र संस्था के केन्द्र प्रभारी एवं ऑपरेटर को किसी अन्य संस्था में नहीं रखा जायेगा।

नॉन एफएक्यू को रिजेक्ट कर कृषक को अपग्रेड करने हेतु समझाइश दने तथा अमान्य उत्पाद का सेम्पल रखते हुये उसकी पंजी संधारित करना अनिवार्य होगा। कृषक द्वारा उपज विक्रय करने हेतु स्लॉट बुकिंग www.mpeupar-jan.nic.in पर की जा सकेगी, इस लिंक की जानकारी एसएमएस के माध्यम से कृषक के मोबाइल पर प्रेषित करना होगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषक द्वारा स्वंय के मोबाइल, एमपी ऑनलाईन, सीएससी, ग्राम पंचायत, लोक सेवाकेन्द्र, कैफे, उपार्जन केन्द्र से स्लॉट बुकिंग की जा सकेगी। स्लॉट बुकिंग हेतु कृषक के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित किया जाएगा, जिसे पोर्टल पर दर्ज करना होगा। समस्त उपार्जन केन्द्र के प्रबंधक एवं प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि उक्त निर्देशों का पालन करते हुये ग्रेडर, छन्ना का प्रयोग कर औसत अच्छी गुणवत्ता की उपज का फसलों के लिये जारी उपार्जन नीति अनुसार करना सुनिश्चित करें।



# स्लीमनाबाद महाविद्यालय में मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत प्रचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। कला एवं विज्ञान तथा वाणिज्य विषय के स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का जैविक खेती का पाठ्यक्रम के अनुसार विषय की समझ गुणवत्ता को परखनेके लिए सतत मूल्यांकन पद्धति के अंतर्गत लिखित परीक्षा ली गई। जिसका निरीक्षण प्राचार्या डॉ सरिता पांडे द्वारा किया गया एवं विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित मार्गदर्शन दिया गया ।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय पशु उपचार शिविर, कार्यशाला एवं गौवत्स प्रर्दशनी आज नरसिंहगढ़ में

**दमोह।** पशुपालन एवं पशुकल्याण जागरूकता माह अंतर्गत जिला स्तरीय पशु उपचार शिविर, कार्यशाला एवं गौवत्स प्रर्दशनी का आयोजन उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला दमोह द्वारा संस्कार मेरिज गार्डन नरसिंहगढ़ में आज 22 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक किया जायेगा। जिसमें प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटैल, संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, जिला पंचायत अक्ष्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटैल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।

## जिला स्तरीय कृषक सेमिनार का आयोजन

**पन्ना।** उद्यानिकी एवं खाद्यप्रसंस्करण विभागद्वाराएकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत कृषि विभाग के जिला कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आज जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजनकियागया।सेमिनारमेंजिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता उप संचालककृषिएपी. सुमनद्वारा कीगई। दोदिवसीयकार्यशालाकेमौकेपरकृषि विज्ञान केन्द्रके वैज्ञानिकपी.एन. त्रिपाठी ने उद्यानिकी फसलों में जैविक खाद और कीटनाशक के उपयोग सहित कृषकों को उद्यानिकी फसलों की खेती आधुनिक तरीके से करने की सलाह दी।

### उपार्जन केन्द्रों को आदर्श उपार्जन केन्द्र बनाया जायेगा-कलेक्टर; बैठक में दिये निर्देश

# उपार्जन केन्द्र में लगेंगे सीसीटीव्ही कैमरे, जिला स्तर से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है कुछ उपार्जन केंद्रों को आदर्श उपार्जन केंद्र बनाने का काम किया जायेगा, सात विकासखंडों में सात उपार्जन केंद्रों को आदर्श उपार्जन केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा, जहाँ पर सभी व्यवस्थाएँ एकदम आदर्श स्वरूप की रखने का प्रयास किये जा रहे हैं जिसके लिए समितियों सहित सभी को बैठक में निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कई बार शिकायतें प्राप्त होती थी कि ठीक से तौल नहीं हो रही है या पैसे लिए जा रहे हैं या फिर नमी की जांच ठीक से नहीं हो रही है, इन सब चीजों से बचने के लिए इनकी रोकथाम के लिए, इस बार सेंट्रलाइज्ड मॉनीटरिंग सिस्टम बनाने का प्रयास किया है, जिसमें जितने उपार्जन केंद्र हैं, सभी सीसीटीवी कैमरों से लैस किए जा रहे हैं और उसका एक कमॉड एण्ड कंट्रोल सेंटर जिला स्तर पर रहेगा।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिला स्तर पर हमें लगातार दिखता रहेगा कि किस केंद्र पर कैसी खरीदी चल रही है, कहाँ व्यवस्थाएँ ठीक चल रही हैं और कहां व्यवस्थाएँ ठीक नहीं चल रही हैं। इसमें फिर गड़बड़ियाँ पकड़ में आसानी से आ पाएंगी तो इससे पारदर्शिता भी बढ़ेगी और यह किसानों के लिए और सभी के लिए लाभदायक होगा। इस आयोजित बैठक में खरीदी से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 9 में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर...

# महिलाओं को सुरक्षित माहौल में जीने और काम करने का अधिकार: न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 9 में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। षिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के द्वारा महिला अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई साथ ही बताया की महिला सुरक्षा का अर्थ है, महिलाओं को किसी भी प्रकार के हिंसा, उत्पीड़न, और दुर्व्यवहार से सुरक्षित रखना। इसमें शारीरिक, मानसिक, यौन, और साइबर दुर्व्यवहार के खिलाफ सुरक्षा शामिल है। महिलाओं को सुरक्षित माहौल में जीने और काम करने का अधिकार होना चाहिए। यह समाज में महिलाओं के आत्म-सम्मान, स्वतंत्रता, और समानता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जब महिलाएँ सुरक्षित महसूस करती हैं, तो वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकती हैं। आज के समाज को देखते हुए, जरुरी है कि हर महिला सशक्त, आत्मनिर्भर बने, ताकि वह खुद के और अपनों के लिए अपने पैरों पर खड़ी हो सके। इसके अलावा विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क करने का परामर्श दिया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से दीपेंद्र विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

## कैंसर पीड़ित को उपचार दिलवाने की मदद



**बनवार।** जबेरा जंप की सगरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि अमन जैन ने एक महान कार्य किया है! उन्होंने जिला प्रशासन और मंत्री धर्मेंद्र सिंह जी से सहयोग लेकर कैंसर पीड़ित कन्हैया लाल यादव को कैंसर अस्पताल भोपाल पहुंचाया। यह एक बहुत ही प्रशंसनीय कार्य है सरपंच की भूमिका ग्राम पंचायत के विकास के साथ दुख दर्द लोगों मदद करने का अमन जैन ने एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है । उन्होंने न केवल कन्हैया लाल यादव को चिकित्सा सहायता प्रदान की, बल्कि उन्हें सही समय पर उपचार भी मिल सका।

## तूफान गाड़ी और कंटेनर की भिडंत में 9 घायल

**दमोह।** हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के समीप आनु तिराहे पर गुरुवार दोपहर एक कंटेनर ट्रक और तूफान गड़ी की भिंड़त हो गई। हादसे के बाद तूफान गाड़ी सड़क किनारे पलट गई जिसमें 9 घायलों को इलाज के लिए भर्ती किया गया है. जिनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तूफान गाड़ी में फलदान कार्यक्रम में बड़े खटोरा से सलैया बांदकपुर जा रहे थे, इसी दौरान तेज रफ्तार के कर के चलते कंटेनर से टकराकर तूफान गाड़ी पलट गई बाद में ग्रामीणों की गाड़ी के अंदर फस गएलोगों को बाहर निकाल और 108 एंबुलेंस को सूचना देकर जिला अस्पताल भिजवाया। जिससे तूफान कार में सवार हरिकिश अहिरवार उम्र 54 वर्ष, नन्हे भाई अहिरवार उम्र 60 वर्ष, हल्ले भाई अहिरवार उम्र 50 वर्ष, हरकिशन पिता मिरचू उम्र 50 वर्ष, सुनील उम्र 38 सरू उर्फ टुंडे अहिरवार उम्र 53 वर्ष, मिहिलाल उम्र 55 वर्ष, कूरे उम्र 65 वर्ष, रामप्रसाद उम्र 40 वर्ष सभी निवासी बड़े खटोरा के बताए गए हैं, जिनका उपचार जारी है।

# वन समितियों को सामग्री की गई वितरित

## वन परिक्षेत्र अधिकारी ने पर्यावरण का महत्व बताया

तेंदूखेड़ा।



शुक्रवार को तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बगदरी वन चौकी मे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे वन समितियों को उनके 20%लाभस से ग्राम वन समितियों को सामूहिक भोजन बनाने के वर्तन प्रदान किये। ग्राम वन समिति तिपनी एवं केवलारी के सदस्यों को यह समाग्री प्रदान की है। सामग्री में एक बडा गंज, एक छोटा गंज,2 गंज के ढक्कन,2गंज की चम्मच,दो डोंगा, 2डोंगा चम्मच,1परात 10प्लेट 10गिलास, 10चम्मच,10गिलास एक कड़ाई,एक झारा अन्य वर्तन प्रदान किए गए कार्यक्रम में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक कुमार दुबे वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल के द्वारा सामग्री प्रदान की गई इस कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि गुलाब सिंह (राजा गुबरा) नोने लाल अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि अनिल सिंह,अमन सिंह एवं समस्त ग्राम वासी इस कार्यक्रम मे मौजूद रहे समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों को वनो को आग से कैसे बचाये इसका प्रशिक्षण भी दिया गया कार्यक्रम मे वन पाल बीडी सेन वनपाल बृजेश कौल सहित ग्रामवासी एवं वन विभाग का स्टाफ क्रार्यक्रम में मौजूद रहा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दमोह।** हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह-कटनी मार्ग घाट पिपरिया फुलयाउ माता मंदिर के समीप कटनी रोड से आ रही तेज रफ्तार तूफान कार ने बाइक सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी. जिससे बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। घटनास्थल की जो तस्वीर सामने आई है देखकर कहा जा सकता है बाइक सवार यदि हेलमेट पहना होता तो शायद जान बच जाती। यह घटनाक्रम गुरुवार दोपहर का बताया जा रहा है, मौके पर बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा और प्रधान आरक्षक बीडी दाहिया ने पहुंचकर बताया कि मृतक बिहारी पिता रामनाथ चौरसिया उम्र 54 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 हिंडोरिया जब खाना बनाकर लौट रहा था,तभी तेज रफ्तार तूफान कार ने टक्कर मार दी. जिससे बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो जाने पर पुलिस ने वाहन चालक पर तेज रफ्तार, लापरवाही पूर्वक चलने पर मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू करदी है।

## बलेनो और स्कॉर्पियो की भिंडत में 4 घायल

**दमोह** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत हथनी पिपरिया के पास एक बलेनो और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत में बलेनो में सवार मां-बेटा और स्कॉर्पियो में सवार मां-बेटा बुरी तरह घायल होने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में निजी वाहन और हंड्रेड डायल पायलट श्याम व सैनिक राजू ठाकुर के द्वारा भर्ती किया गया है। जिनका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरक्षक रानू राय के भाई अमन राय 25 वर्ष इनकी मां अनीता पति नंदलाल राय उम्र 42 वर्ष निवासी सागर बुरी तरह से घायल हुए हैं.वहीं स्कॉर्पियो में सवार लोकेंद्र ठाकुर उम्र 40 वर्ष व मां नीमा सिंह ठाकुर उम्र 60 वर्ष हिनौती पुतलीघाट जाते समय दुर्घटना के शिकार हो गए. जिससे चारों का उपचार जिला अस्पताल दमोह में जारी है.वहीं मौके पर पहुंची नोहटा पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**शिकायतकर्ता को आई चोटें, तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र बगदरी गांव का मामला, पुलिस अधीक्षक से की गई शिकायत**

# आरोप: सीएम हेल्पलाइन बंद कराने पुलिस ने की मारपीट, पीड़ित महिला के सिर के बाल खींचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कुछ पुलिसकर्मियों की वजह से तेन्दूखेड़ा पुलिस की छवि इन दिनों धूमिल होती जा रही है कुछ दिन पहले ही तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ओरियामाल में एक युवक पर चोरी के शक के चलते पुलिस द्वारा नशे की हालत में मारपीट करने एवं अन्य महिलाओं बच्चियों के साथ गाली-गलौच करने के आरोप लगे थे। उक्त मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि फिर एक बार तेन्दूखेड़ा पुलिस पर मारपीट एवं 181 की शिकायत को बंद कराने मोबाइल छीनकर ले जाने का मामला सामने आया है। दरअसल सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जहां एक और जिले का पुलिस महकमा पूरे प्रदेश में प्रथम है वहीं दूसरी ओर शिकायतों के निराकरण पर आम जन ही सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में सामने आया है। जहां सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायत को बंद कराए जाने के लिए पुलिस महकमे पर घर में घुसकर महिलाओं सहित परिवार पर मारपीट के आरोप लगे हैं। आरोप यह भी है कि शिकायत बंद करने के लिए संबंधितों का मोबाइल छीनकर जबरन शिकायत बंद कराई गई। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत सौंपते हुए उचित कार्यवाही और सुरक्षा की मांग की है।

### लिखित शिकायत में लगाए आरोप

मामले में तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के बगदरी निवासी सविता विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा और ओमप्रकाश विश्वकर्मा द्वारा दी गई शिकायत में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवार सहित उनकी टीम पर आरोप लगाए हैं शिकायतकर्ताओं के अनुसार उनके साथ दो माह पूर्व एक विवाद के दौरान हुई एक मारपीट की घटना की रिपोर्ट उचित तरीके से नहीं लिखी गई थी और ना ही पुलिस के द्वारा कोर्ट में चालान प्रस्तुत किया जा रहा था। जिसके चलते उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत को लेकर 19 मार्च की दोपहर थाना प्रभारी और उनकी टीम उनके घर पहुंची और उनके साथ अभद्रता करते हुए शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे आरोप यह भी हैं कि पुलिसकर्मियों ने इस दौरान महिला सविता के बाल पकड़े और खींचे और उसका सर दीवाल में मारा गया जिससे सिर पर जम भी हो गया इसके अलावा दूसरे आवेदकों के साथ भी मारपीट की गई है।बताया गया है की घटना के दौरान पीड़ित परिवार ने घटना का वीडियो भी अपने मोबाइल पर बनाया जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट के दौरान छीन लिया। उनके द्वारा जिस मोबाइल नंबर से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी उसे भी आरोपी पुलिसकर्मियों ने अपने हाथ में लेते हुए खुद ही लंबित शिकायत को बंद कर दिया।

### दस्तावेज में कमी के चलते चालान में देरी

दूसरी ओर सामने आए इन सभी आरोपों का तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी विजय अहिरवार ने पूरी तरह खंडन किया है। उन्होंने बताया की पूर्व में हुई मारपीट की घटना पर आरोप लगाने वाले परिवार की शिकायत पर ही दूसरे पक्ष पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले में कायतकर्ता पक्ष ने अपना इलाज एक निजी अस्पताल में कराया था और उसके बाद वह इलाज के लिए जबलपुर चले गए थे। इन सभी कारणों के चलते चालान प्रस्तुत करने में लगने वाले कई दस्तावेज अभी तक पुलिस को उपलब्ध नहीं हो सके हैं और चालान प्रस्तुत करने में विलंब हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा की वह इन सभी बातों को बताने और हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर पुलिस टीम शिकायतकर्ता परिवार

# भाजपा किसान मोर्चा के प्रयासों से बरसों से बंद पड़ी कृषि उपज मंडी में नीलामी हुई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

शासन प्रशासन की लचर प्रणाली के चलते बरसों से हटा कृषि उपज मंडी में खुली डाक नीलामी नहीं की जा रही थी जिसकी मांग भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रशासन से लगातार की जा रही थी जिससे जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देशन मे भाजपा किसान मोर्चा के प्रयास से हटा मंडी में शुक्रवार को खुली डाक नीलामी की शुरुआत की गई। मंडी में खुली नीलामी का शुभारंभ वरिष्ठ कृषक रामदेव दादा द्वारा हटा के पूर्व विधायक पी.एल.तंतुवाय, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल एसडीएम राकेश मरकाम तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, भाजपा नेता राधिका पटेल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, गोविंद पटेल, हटा किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुशील सेलट, रतिराम पटेल किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि गण, उमेश पटेल, श्यामबिहारी गर्ग, लीलाधर पटेल जी,हेमंत चोकरया सहित व्यापारियों मंडी कर्मचारियों की उपस्थिति में भगवान बलराम का पूजन कर शुभारंभ करते हुए व्यापारियों द्वारा खुली बोली लगाकर किसानों की उपज खरीदी गई। मंडी में खुली नीलामी चालू होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी देखी गई।

# ग्रामीणों ने सहयोग कर चालू कराई गुमटी



**मड़ियादो।** ग्राम वर्धा में कुछ लोगों द्वारा आगजनी की घटना में बेरोजगार हुए दिव्यांग की मदद कर मानवता की मिशाल पेश की गई है। 15 मार्च को ग्राम वर्धा में देर रात आगजनी की घटना हुई थी

**15 मार्च को अज्ञात कारणों से लग गई थी आग**

जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग ब्रजेश यादव की चाय पान की गुमटी जल गई थी। गुमटी के जल जाने से पूरा परिवार बेसहारा हो गया था। पीड़ित द्वारा मड़ियादो पुलिस में सूचना दर्ज कराई गई थी। दिव्यांग ब्रजेश की माली हालत देखते स्थानीय ग्रामीण जगदीश सिंह बुंदेला, शिक्षक मुकेश पटेल, बंदू पटेल, पंचम यादव , विनीत गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, गोपाल पटेल, आनंदी कुर्मी, बेड़ी मुड़रया, बेड़ी मलंगया,सहित अन्य ने अर्थ ओर श्रम से सहयोग कर दोबारा गुमटी रखवाकर गुमटी चालू करा दी गई। हालांकि गुमटी में चालू करने में ब्रजेश पर कुछ कर्जा चालू हो गया। ब्रजेश का कहना है कि प्रशासन से मिलने वाली मदद से कर्जा उतर जाएगा।

# रनेह आयुष्मान आरोग्यं केंद्र पर प्रथम मातृत्व सुरक्षा शिविर संपन्न



**रनेह।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रनेह में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान **PMSMA** के तहत डॉक्टर उमाशंकर पटेल सीबीएमओ हटा एवं डॉ आनंद कुमार एसएमओ रनेह के द्वारा गर्भवती महिलाओं का कैंप आयोजित किया गया. जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नियति जैन के द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई. जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन बीपी शुगर वजन यूरिन की जांच की गई तथा उच्च जोखिम वाली महिलाओं को 25 तारीख को सिविल अस्पताल हटा में होने वाले कैंप में जाने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कैंप में दमोह से डीपीएम हटा से बीपीएम विक्रम सिंह, बीसीएम देवेंद्र ठाकुर, डॉ भावना जैन, आरबीएसके उपस्थित रहे। उक्त कैंप का निरीक्षण एसडीएम राकेश मरकाम के द्वारा किया गया। कैंप को सफल बनाने में प्रदीप तिवारी फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर नीलिमा नामदेव, देवकी पटेल, दुर्गेश चौबे कंप्यूटर ऑपरेटर, समस्त सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आशा कार्यकर्ताओं के साथ ही अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तहसीलदार ने किसानों के घर जाकर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई

**बनवार।** तहसीलदार ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य का मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, किसान के घर स्वयं जाकर बनाई आईडी। जबेरा ब्लॉक में पीएम किसान योजना के हितग्राहियों के फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य जारी है। नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने बनवार व परस्वाहा गाँव का भ्रमण कर जायजा लिया, जहां अभी तक बनवार में 880 किसानों में से 675 और परस्वाहा में 322 में से 226 फार्मर रजिस्ट्री बनी पाई गई। तहसीलदार ने बनवार में एक किसान के घर स्वयं जाकर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई। उन्होंने स्थानीय सर्वेयरों को किसानों के घर-घर जाकर फार्मर रजिस्ट्री बनाने तथा राजस्व संबंधी कार्यों का निरीक्षण कर अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नायब तहसीलदार वर्मा ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री के जरिए उनकी जमीन का पूरा ब्योरा अपलोड कर सत्यापित किया जाएगा और जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उनको किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा, इसलिए किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री जल्द बनवाएं।

# अस्मिता हॉकी लीग में खेले जा रहे रोमांचक मैच

**दमोह।** हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे आयोजित अस्मिता महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता के चौथे दिन शानदार तीन मैच खेले गये। पहला मैच जबलपुर एवम दमोह के मध्य हुआ संघर्ष पूर्ण मैच मे दमोह की रुचिका ने मैच के दूसरे क्वार्टर मे फील्ड गोल कर बढत बनाई। जबलपुर ने जवाबी हमला किया। परन्तु रक्षा पंक्ति को भेद नही पाई। हाफ टाईम पश्चात रुचिका ने फिर डी मे प्रवेश कर मैदानी गोल कर बढत बनाई। खेल के अंतिम क्वार्टर मे रुचिका ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा गोल किया। जबलपुर के खिलाडी हरसंभव प्रयास किए लेकिन दमोह ने विफल किया। मैच के अंतिम पलो मे रुचिका ने शानदार गोल कर



टीम को चार शून्य से विजय दिलाई। दूसरा मैच सिवनी मंदसौर के बीच खेला उतार चढाव भरे मैच मे पहले क्वार्टर मे मंदसौर ने फील्ड गोल कर बढत बनाई दोनो टीम एक दूसरे के गोल पर हमला किया परन्तु सफलता कर पाये मैच के आखिरी समय पर सिवनी को पेनाल्टी कार्नर पर शानदार गोल किया तथा स्कोर दो एक से मंदसौर ने विजय प्राप्त की खिलाडियो से परिचय साहित्यकार नरेंद्र दुबे से खिलाडियो से परिचय प्राप्त किया तीसरा मैच उमरिया एवम गुना के मध्य खेला गया खिलाडियो से परिचय अजय टडन उपाध्यक्ष हॉकी मध्य प्रदेश खेल अधिकारी सेफ उल्ला प्रधान अध्यापक प्रमोद जैन प्रदीप अग्रवाल नितिन से कराया निर्णायक देवकीनंदन राजीव प्रवीण पसेरिया जाकिर शकील तरूण नामदेव राजेश सालोमन सौरभ रंजीत सचिन सिंह रविवार हरदा तन्मय राम रहे।अतिथियो का।स्वागत भगवान सिंह विजय ठाकुर असार संतोष सेन अरमान एरिक चिकी समीर जुबेर शैलेन्द्र आदि ने किया विकास जैन ने हॉकी प्रेमियो से उपस्थिती की अपील की है असार ने संचालन किया तीनो मैचो मे राष्ट्रगान किया गया। खिलाडियो से परिचय एडवोकेट प्रवीन बेगम विनय से कराया।

**मौसम के बदले मिजाज:** ओलावृष्टि, बारिश व तेज हवाओं से पकी खड़ी फसलों को हुआ नुकसान, सर्वे शुरू

# जिले के कई अंचलों में जमकर बरसे ओले: पटेरा क्षेत्र में कश्मीर जैसे दिखे नजारें, सड़कों पर ओले की चादर बिछी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शुक्रवार को जिले के कई क्षेत्रों में बारिश के ओलावृष्टि ने कोहराम मचा दिया। पिछले तीन दिनों से बिगड़े मौसम ने आखिरकार अपने रंग दिखा दिये। एक तरफ जहां किसानों को नुकसान हुआ है तो वहीं जन जीवन भी प्रभावित हुआ है। पटेरा अंचल में सर्वाधिक ओलावृष्टि की जानकारी सामने आई है जिनमें नुकसान भी हुआ है। वहीं इसके अलावा तेजगढ़, कुम्हारी, पथरिया के ग्रामीण क्षेत्रों व मुख्यालय पर बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है। पटेरा, कुण्डलपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अति ओलावृष्टि से खेती को भारी नुकसान होने की खबर है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई है। ओलावृष्टि के साथ तेज हवाओं और बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया, जिससे खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गईं। स्थानीय किसानों के अनुसार, गेहूं, सरसों और अन्य फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, जो इस समय पकने की स्थिति में थीं।



ओलावृष्टि इतनी तीव्र थी कि क्षेत्र की सड़कों पर बर्फ की मोटी परत जम गई, जिससे यह इलाका कश्मीर जैसे बर्फीलें स्थानों की तरह दिखने लगा किसानों की स्थिति तो और भी दयनीय हो गई है। उनकी तैयार फसलें, जो कटाई के लिए लगभग तैयार थीं, इस ओलावृष्टि में पूरी तरह बर्बाद हो गईं। गेहूं, चना, मसूर, सरसों और अन्य फसलों के नष्ट होने से किसानों की साल भर की मेहनत और आय के स्त्रोत पर संकट आ गया है। इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी आजीविका को गहरी चोट पहुंचाई है, जिससे वे गहरी चिंता और अनिश्चितता में हैं। इस स्थिति में स्थानीय प्रशासन और सरकार से त्वरित राहत कार्यों की उम्मीद की जा रही है, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा और सहायता मिल सके। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर सर्वे शुरू हुआ है।

**ये कश्मीर नहीं, पटेरा की सड़कें है**





### ओलावृष्टि से फसलों का पूरा आंकलन किया जा रहा है-कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जिले में मौसम विभाग के द्वारा बारिश का पूर्वानुमान बताया गया था, इन दो तीन दिनों के अंदर और आज पथरिया, बटियागढ़, पटेरा और हटा क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जैसे ही ओलावृष्टि की सूचना दोपहर बाद मिली, राजस्व अधिकारी फील्ड पर निकल गए थे। फसलों का पूरा आंकलन किया जा रहा है और अभी थोड़ी देर में रिपोर्ट आ जाएगी। फिर उसके बाद नुकसान का आंकलन करके, यदि किसी का नुकसान हुआ है, तो उस पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### आज से टीम के साथ सर्वे कार्य शुरू होगा

प्रभारी तहसीलदार राजेश सोनी ने बताया कि एसडीएम महोदय के साथ राजाबंदी, मडिया देवी सींग छेवला कुंवरपुर पड़री, कुंडलपुर ग्रामों में जा कर देखा है। बारिश के चलते अभी नुकसान प्रतिशत का आंकलन नहीं है। आज से सर्वे कार्य होगा इस हेतू एसडीएम महोदय ने टीम गठित कर दी है जिसमें प्रभारी तहसीलदार राजेश सोनी, जनपद सीईओ व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी आदि सर्वे कर आंकलन करेंगे।

### फसलों को हुआ नुकसान, सर्वे शुरू

दमोह जिला मुख्यालय में न सही परंतु पटेरा तहसील व तेंदूखेड़ा के अनेक ग्रामों में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच अलग अलग स्थानों पर अलग अलग समय पर बारिश व ओलावृष्टि से जिन किसानों की गेहूं चना की फसले पकी खड़ी है उन्हे क्षति पहुंची है। पटेरा तहसील मुख्यालय पर तो ओला वृष्टि ने कहर मचा दी। पटेरा, चौपरा, पिपरिया, राजाबंदी, बमुरिया, कुण्डलपुर, रमगढा, कोटा, कुम्हारी, व समीपी ग्रामों में भारी क्षति पहुंची है। अनेक कृषकों ने हरिभूमि को फोन पर बताया कि गेहूं की पकी खड़ी फसलों को बीस से तीस प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है। तो वहीं अनेक जन प्रतिनिधियों ने पन्द्रह वर्ष पूर्व ऐसी ओलावृष्टि होना बताया है। तेंदूखेडा तहसील के ग्राम तेजगढ़ पतलौनी, हरई, समदई, रराई सहित समीपी अनेक ग्रामों में ओला वृष्टि से फसलों को क्षति पहुंचने की जानकारी प्राप्त हुई है। किसानों ने शीघ्र सर्वे कर फसलों को नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

### किसानों से चर्चा कर नुकसान का जायजा लिया

**दमोह।** जिले के हटा अनुभाग के पटेरा, कुंडलपुर, बनगांव क्षेत्र के कई गांवों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के बाद तुरंत ही प्रशासनिक अमला मुस्तैद हुआ। अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम ने तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ,पटेरा तहसीलदार राजेश सोनी और अमले के साथ राजाबंदी, कुंवरपुर, छेबला दुबे, बिला खुर्द आदि गांव पहुंचे और ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने यहां किसानों से चर्चा कर नुकसानी का जायजा लिया और शासन की ओर से यथासंभव मदद का भरोसा किसानों को दिया ।

---

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ का होली मिलन समारोह 23 मार्च को

**दमोह।** जिला अधिवक्ता संघ दमोह के अधिवक्ताओ ने 23 मार्च 2025 दिन रविवार का सुबह 11 बजे रंगारंग कार्यक्रम के साथ सुबह होली मनाने का निर्णय लिया है। उक्त संबंध में संघ के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, सचिव सुधीर पाण्डे ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जबलपुर से राधाकृष्ण स्वरूप प्रस्तुति हेतु पधार रहे है, उक्त संबंध में संध के सचिव सुधीर पाण्डे ने अधिवक्ताओं से 23 मार्च 2025 दिन रविवार को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की हैं।

### 6 टीवी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया

**दमोह।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 21 मार्च 2025 को निक्षय मित्र रत्नेश सुमन व योगेश सुमन ने द्वितीय चरण में 6 टी बी मरीजों को फूड बास्केट वितरित की। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन व जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री दीपक सिंह राजपूत श्री सुरेंद्र दुबे, टीबी चैंपियन श्रीमती राधा लोधी, हेमराज अहिरवार रहे।

### शांति समिति की बैठक आज

**दमोह।** आगामी पर्व चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, झूलेलाल जयंती, ईद-उल-फितर, रामनवमी, ज्वारे विसर्जन, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे, परशुराम जयंती पर कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज 22 मार्च को अपरान्ह 03 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के समाकक्ष में आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधितों से उक्त बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### उपयोग की गई इंजेक्शनों एवं दवाईयों को किया डिस्पोज

**तेंदूखेड़ा।** नगर के सीएम राइज स्कूल एवं वनविभाग प्लांटेशन के पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा दवाईयां फेंकी गई थी भास्कर ने खबर को प्रकाषित किया था खबर को संज्ञान में लेकर सीबीएमओ आरआर बागरी ने टीम भेजकर पंचनामा कार्यवाही के उपरांत खाली पडे इंजेक्षनों एवं दवाईयों को डिस्पोज करा दिया गया जिससे आमजन को कोई हानि न पहुंचे।

### जिला चिकित्सालय ने फिर प्राप्त किया एनक्यूएएस तथा मुस्कान में प्रमाणीकरण

**दमोह।** जिला चिकित्सालय दमोह ने इस वर्ष भी एनक्यूएएस तथा मुस्कान का प्रांतीय सर्विलेंस उत्तीर्ण किया.शासन द्वारा शुक्रवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार जिला चिकित्सालय दमोह ने एनक्यूएएस में 86 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया तथा मुस्कान में पचासी प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया.इसी तारतम्य में एनएचएम भोपाल द्वारा जिला अस्पताल दमोह को कुल रुपए 36 लाख प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किए गए.ज्ञातव्य हो कि जिला चिकित्सालय दमोह ने वर्ष 2022 में एनक्यूएएस का राष्ट्रीय प्रमाणीकरण व वर्ष 2023 में मुस्कान का राष्ट्रीय प्रमाणीकरण प्राप्त किया है. जो तीन-तीन वर्षो के लिए प्रदान किया जाता है.जिला चिकित्सालय के क्वालिटी नोडल डॉक्टर अमित प्रकाश जैन ने संस्था की इस उपलब्धि के लिए समस्त डॉक्टर, नर्स तथा अन्य स्टाफ का आभार व्यक्त किया तथा इसी तरह टीम भावना से काम करते रहने का आग्रह किया।


---

**कोटा में आज प्रातः जैन व जैनेत्तर समाज करेगा अगवानी**

## आचार्यश्री समय सागरजी की आज होगी ऐतिहासिक अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

संत शिरोमणि चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के संघ के नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के प्रथम आगमन को लेकर संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह का महौल व्याप्त है।



आचार्य श्री आज प्रातः जिले के कोटा ग्राम में मंगल प्रवेश करेंगे जहां आधा किमी पहले ही जैन मिलन शाखा पटेरा कुण्डलपुर, सकल जैन समाज कोटा, महिला मंडल बालिका मंडल पटेरा के साथ ही कोटा जैन समाज, कोटा के सभी धर्मो के प्रतिनिधि आचार्य श्री की भव्य आगवानी करेगे। आचार्य श्री समय सागर जी की आहारचर्या भी कोटा ग्राम में होगी। शुक्रवार को जैन मिलन शाखा पटेरा, पंचायत सचिव व सभी समाजों के प्रतिनिधि सक्रियता से अगवानी को लेकर प्रवेश द्वार व सजावट में जुटे रहे।

### दोपहर में कुण्डलपुर में होगी भव्य मंगल अगवानी

**कुंडलपुर ।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में महा समाधि धारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य विद्या शिरोमणि प.पू.आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ससंघ का मंगल पदार्पण 22 मार्च को दोपहर 4:00 होने जा रहा है। इस अवसर पर आचार्य संघ की भव्य अगवानी हेतु भारतवर्ष श्रावक श्रेष्ठी जन, बुंदेलखंड के श्रावकगण, समस्त दमोह जिला समाज, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी, बड़ी संख्या में महिला मंडल ,पाठशाला परिवार ,टीकमगढ़ दिव्य घोष ,गंजबासौदा दिव्य घोष, मुड़िया बैंड पार्टी, सर्वोदय बालिका लेझिम पार्टी हटा, कुंडलपुर पटेरा हटा दमोह पथरिया आदि दिव्यघोष, हाथी ,घोड़ा, ध्वजवाहक ध्वजपताका लेकर युवा वर्ग, कलश लेकर महिला मंडल , ब्रह्मचारी भैया दीदी जी, हथकरघा, पूर्णायु के भैया, श्वेत वस्त्रधारी पुरुष वर्ग, कुंडलपुर, कुम्हारी, पटेरा , हटा ,दमोह, पथरिया, अभाना, नोहटा, जबेरा ,तेंदूखेड़ा तेजगढ़ ,बटियागढ़, बांदकपुर, गैसाबाद, मडियादो, सादपुर ,रजपुरा ,बरौदा आदि समाज सम्मिलित रहेगी। कोटा ग्राम से ही आचार्य संघ की अगवानी प्रारंभ होगी। कुंडलपुर से 3 किलोमीटर पहले ही कटनी रोड पर सभी मंडल अगवानी करेंगे। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुंडलपुर पधारकर भव्य अगवानी के साक्षी बनकर पुण्यार्जन करने का अनुरोध किया है।

---

## डम्पर सड़क छोड़कर बिजली पोल से टकराते हुए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में घुसा, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

रोड़ बनवार सड़क मार्ग के गांव पटना मानगढ़ में बड़ा हादसा हुआ है जहां पर बीच सड़क पर खड़े ट्रैक्टर को पार करते हुए एक बाइक सवार अचानक सड़क पर आ गया और सामने आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ट्रैक्टर और बाइक को बचाने के चक्कर में डंपर सड़क से नीचे उतारते हुए बिजली पोल को टक्कर मारते नाली और खकरी से टकराते हुए स्वास्थ्य केंद्र परिसर में घुस गया। गनीमत की बात यही हादसे के दौरान स्वास्थ्य केंद्र बंद होने की बजह से बड़ा हादसा टल गया। दरअसल बांदकपुर से रेत से भरा एक डंपर पटना मानगढ़ के लिए



निकाला था जैसे ही पटना मानगढ़ की पुलिया के समीप पहुंच तो सड़क पर एक ट्रैक्टर खड़ा हुआ था। उसके बगल से अचानक परस्वाहा निवासी अपनी बाइक से डंपर के सामने आ गया। बाइक में सवार लोगों और ट्रैक्टर को बचाने डंपर सड़क छोड़कर पत्थरों की खकरी तोड़ते हुए नाली मिटाते हुते स्वास्थ्य केंद्र के समीप घुस गया। ट्रैक्टर और बाइक के बीच इस खतरनाक हादसे में किसी के हताहत होने की खबर तो नही लेकिन इस खतरनाक हादसे के प्रत्यक्षदर्शियों की रूह कांप गई। डंपर बिजली पोल तोड़ते हुए पत्थरों की बाउंड्री वॉल पर चढ़ते हुए नालियों को मिटाते हुए जिस तरह से डंपर ने कोहराम मचाया देखते ही देखते भगदड़ मच गई। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है। इस तरह से बड़ा हादसा टल गया हादसे ने विजली पोल गिरने से जहाँ पटना मानगढ़ आधे गांव की बिजली पूरी रात बोल रही। वही ग्राम पंचायत की पशु अवरोधक बाल सहित नालियों मिट गई और लाखों का नुकसान हुआ है। जिसके वाद जेसीबी की मदद से स्वास्थ्य परिसर में घुसे डंपर को बाहर निकाला गया है। बता दें पटना ग्राम की आबादी क्षेत्र सड़क के किनारे किनारे बसा हुआ है और यहीं पर सड़क के किनारे किनारे अधिकांश जगहों पर रेत गिट्टी के ढेर लगे रहते हैं जिसकी वजह से वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क किनारे लगे रेत गिट्टी के ढेरों की बजह भी वाहनों के चलने लिए बनी सड़को पर रेत गिट्टी ढेरों का अतिक्रमण सा पसरा रहता है। जिसकी ओर शासन प्रशासन का कोई ध्यान नही जबकि इसी सड़क मार्ग से कलेक्टर तहसीलदार अक्सर गुजरते रहते हैं।

### बांदकपुर परीक्षा केन्द्र में सही नियंत्रण न होने पर केन्द्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को नोटिस देने दिये निर्देश

**दमोह।** जिले में चल रही हाई स्कूल परीक्षा 2025 के अंतर्गत विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय नोहटा, विवेकानंद हायर सेकंडरी विद्यालय बनवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विवेकानंद हायर सेकंडरी विद्यालय बनवार के परीक्षा केंद्र में कक्षाओं में कम रोशनी के बल्ब लगे हुए थे, जिससे पर्याप्त रोशनी नहीं होने पर कलेक्टर श्री कोचर ने केंद्र अध्यक्ष को निर्देशित किया कि तत्काल रोशनी बढ़ाई जाए। शासकीय सीएम राइज हायर सेकंडरी विद्यालय बनवार में पहली बार विद्यार्थियों के लिए परीक्षा देने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था कराई गई, जिससे परीक्षा केंद्र व्यवस्थित नजर आया। बनवार के दोनों ही केंद्र अति संवेदनशील हैं, जहां पर कठिन विषयों में प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो पूर्ण समय तक रहकर अपनी निगरानी में परीक्षा संपन्न करा रहे हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांदकपुर में केंद्र अध्यक्ष का परीक्षा केंद्र में सही नियंत्रण न होने पर केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

**हाई स्कूल परीक्षा में 287 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 07 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित-** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 के अंतर्गत 10वीं का विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया, जिले में परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 16,726 दर्ज विद्यार्थियों में से 16,439 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 287 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में एन.एस.क्यू.एफ. विषय में 1161 दर्ज विद्यार्थियों में से 1154 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 07 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

---

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाए लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

इसे डॉक्टरो की लापरवाही कहे या नवजात बच्ची की बदकिस्मती की जन्म के बाद ही उसकी मां की मृत्यु हो जाती है बच्ची इस संसार में अपनी आंख खोलने से पहले ही जन्म देने वाली मां को खो देती है। यह वाक्य घटित हुआ है ग्राम गैसाबाद के फारुख खान पिता कुद्दा खान की लगभग 20 वर्षीय पत्नी साहिबा खान के साथ जिनकी डिलीवरी के बाद मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार एवं पीड़ित परिवार द्वारा जिला कलेक्टर दमोह ,कमिश्नर सागर, अनुविभागी अधिकारी दमोह, एवं थाना प्रभारी गैसाबाद को दिए गए शिकायती पत्र के मुताबिक शिकायतकर्ता फारुख खान द्वारा अपनी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि मेरी पत्नी साहिबा वी को 9 मार्च 2025 को प्रसव पीड़ा हुई जिसे उप स्वास्थ्य केंद्र गैसाबाद में इलाज के लिए ले गए। जहां पर परीक्षण करने के बाद मेरी पत्नी को सिविल अस्पताल हटा के लिए रेफर कर दिया गया हटा अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा जांच करने के उपरांत लगभग 3: बजे जिला चिकित्सालय दमोह के लिए रेफर कर दिया गया। दमोह शासकीय अस्पताल में मेरी पत्नी का चेकप आदि किया गया सोनोग्राफी भी की गई। इसके बाद बताया गया कि डिलीवरी नॉर्मल हो जाएगी 11 मार्च 25 को अस्पताल स्टाफ द्वारा नॉर्मल डिलीवरी की गई। डिलीवरी के करीबन 15 ,20 मिनट बाद प्रसूता को ब्लीडिंग शुरू हो गई जिसकी सूचना ड्यूटी पर तैनात सिस्टर को दी गई सिस्टर ने जवाब में कहा कि घबराने की बात नहीं है ब्लडिंग तो होती ही है लेकिन जब प्रसूता को ब्लीडिंग अधिक होने लगी तो सिस्टर ने इसकी जानकारी फोन पर उच्च डॉक्टरो को दी लेकिन डॉक्टरों ने इस बात को गंभीरता से नहीं लिया। डॉक्टर लगभग 4 घंटे बाद पहुंचे तब तक मेरी पत्नी की स्थिति बिगड़ चुकी थी। इसके बाद डॉक्टरों ने आनन फानन में मेरी पत्नी को जबलपुर के लिए रेफर कर दिया जहां पर मेरी पत्नी ने रास्ते में ही एंबुलेंस में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार जनो ने डॉक्टरो पर लापरवाही किए जाने के आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इस शिकायती पत्र पर एवं पीड़ित परिवार की गुहार पर कब और कितना ध्यान देती है या फिर यह लापरवाही और अनीमिताओं का दौरा यूं ही चलता रहेगा।गौरतलब है कि प्रसूति के दौरान हुई महिलाओं की मौत को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी विगत दिनो जिला अस्पताल में धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया गया था।

---

## केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल कॉलेज, जबलपुर में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, दमोह के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि 'कॉलेज चलो अभियान' 2025-26 के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय, दमोह के ऐसे विद्यार्थी जिन्होनें ग्यारहवीं की परीक्षा देकर बारहवीं में प्रवेश हेतु तैयार है। ऐसे 28 विद्यार्थी दिनेश कुमार एवं श्रीमती आंकाक्षा सुयल के साथ महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण हेतु उपस्थित रहें। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने कक्षाओं के साथ महाविद्यालय की कम्प्यूटर लैब, वाणिज्य विभाग, ओशो चेयर, ग्रंथालय, आउटडोर-इन्डोर स्टेडियम, कॅरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के साथ ही विद्या भवन का भ्रमण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, ज्ञानेन्द्र सिंह सीईओ, डॉ. आर.के.गुप्ता, डॉ. विभा निगम के साथ प्रो. अरुण शुक्ल ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. संघप्रिया तिवारी,डॉ. बिजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. नीलिमा, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत उपस्थित रहें।